# –::कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष, उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति ::–

# जिला–बालोद (छ.ग.)

क्रमांक / 2904 / स्वा.आ.अ.मा. / नियुक्ति / 2022 बालोद,दिनांक 09.05.2022

## :: वॉक इन इंटरव्यू हेतु विज्ञापन ::

उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति जिला बालोद द्वारा जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद / डौण्डी / डौण्डी लोहारा / अर्जुन्दा एवं गुरूर में रिक्त शैक्षिक पदों हेतु योग्यताधारी आवेदकों का चयन वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाना है रिक्त पदों का विवरण निर्धारित अहर्ताए, नियम व शर्ते एवं पंजीयन व साक्षात्कार हेतु समय सारिणी निम्नानुसार हैः–

| क्रमांक | पद का नाम | साक्षात्कार तिथि | पंजीयन का समय | दावा आपत्ति हेतु सूची का प्रकाशन | साक्षात्कार का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम) (अंग्रेजी–01, वाणिज्य–02) | 17.05.2022 | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | दोपहर 01:30 बजे | दोपहर 02:00 बजे से |
| 2. | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) (अंग्रेजी–05, सामा.अध्ययन–04) | 18.05.2022 | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | दोपहर 01:30 बजे | दोपहर 02:00 बजे से |
| 3. | सहायक शिक्षक (प्राथमिक शाला) अंग्रेजी माध्यम एवं सहा.शि.विज्ञान (प्रयोगशाला सहायक) (अंग्रेजी माध्यम) (सहा.शिक्षक–10, सहा.शि.विज्ञान–01) | 19.05.2022 | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | दोपहर 01:30 बजे | दोपहर 02:00 बजे से |

**साक्षात्कार स्थलः–** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद, दल्ली राजहरा मार्ग आमापारा, जिला–बालोद (छ.ग.)।

**पद का विवरण :–**

**01. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद ( वि.ख.–बालोद) :–**

| क्रं. | पद का नाम | विषय | रिक्त पद संख्या (म. / पु. / मुक्त) | मानदेय | न्युनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 01(अना. बैकलॉग) (मुक्त) | 35400 / – | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित विषय में स्नातक उपाधि एवं बी.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो ) |
| | | सामाजिक अध्ययन (कला) (अंग्रेजी माध्यम) | 01(अना. बैकलॉग) (मुक्त) | 35400 / – | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित विषय इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय में स्नातक उपाधि एवं बी.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण |
| 2 | सहायक शिक्षक (प्राथमिक शाला) (अंगेजी माध्यम) | – | 01 (अ.ज.जा. बैकलॉग) (मुक्त) | 25300 / – | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम 50% अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड. / डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण |
| 3 | सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला सहायक) | (अंग्रेजी माध्यम) | 01(अना.) (मुक्त) | 25300 / – | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में जीव विज्ञान / गणित विषय के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण |
| | योग | | कुल 04 पद | – | – |

## 02. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौण्डी ( वि.ख.–डौण्डी) :–

| क्रं. | पद का नाम | विषय | रिक्त पद संख्या (म./पु./मुक्त) | मानदेय | न्युनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | व्याख्याता | अंग्रेजी | 01 (अना.) (मुक्त) | 38100/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधिएवं बी.एड. तथा स्नातक स्तर में मुख्य विषय के रूप में अंग्रेजी साहित्य विषय रहा हो। |
| 2 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 01 (अना. बैकलॉग) (मुक्त) | 35400/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित विषय में स्नातक उपाधि एवं बी.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो ) |
| | | सामाजिक अध्ययन (कला) (अंग्रेजी माध्यम) | 01 (अना. बैकलॉग) (मुक्त) | 35400/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित विषय इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय में स्नातक उपाधि एवं बी.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण |
| 3 | सहायक शिक्षक (प्राथमिक शाला) (अंगेजी माध्यम) | – | 01 (अ.ज.जा. बैकलॉग ) (मुक्त) | 25300/– | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम 50% अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड./डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण |
| | **योग** | | **कुल 04 पद** | – | – |

## 03. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौण्डी लोहारा (वि.ख.–डौण्डी लोहारा)

| क्रं. | पद का नाम | विषय | रिक्त पद संख्या (म./पु./मुक्त) | मानदेय | न्युनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 01 (अना. बैकलॉग)(मुक्त) | 35400/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित विषय में स्नातक उपाधि एवं बी.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (अंग्रजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो ) |
| | | सामाजिक अध्ययन (कला) (अंग्रेजी माध्यम) | 01(अना. बैकलॉग)(मुक्त) | 35400/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित विषय इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय में स्नातक उपाधि एवं बी.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण |
| 2 | सहायक शिक्षक (प्राथमिक शाला) (अंगेजी माध्यम) | – | 02(अ.ज.जा. बैकलॉग)(मुक्त) 01(अ.पि.व. बैकलॉग)(मुक्त) | 25300/– | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम 50% अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड./डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण |
| | **योग** | | **कुल 05 पद** | – | – |

## 04. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा (वि.ख.– गुण्डरदेही) :–

| क्रं. | पद का नाम | विषय | रिक्त पद संख्या (म./पु./मुक्त) | मानदेय | न्युनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) | 01(अ.ज.जा. बैकलॉग)(मुक्त) | 38100/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी एड, (एकाउन्टेन्सी सहित वाणिज्य/कॉस्ट एकाउंटिंग /फाइनेन्सियल एकाउन्टेन्सी मुख्य विषय के रूप में रहा हो।) |
| 2 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 01(अना. बैकलॉग) (मुक्त) | 35400/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित विषय में स्नातक उपाधि एवं बी एड तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (अंग्रजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो ) |
| 3 | सहायक शिक्षक (प्राथमिक शाला) (अंगेजी माध्यम) | – | 02 (अना. बैकलॉग)(मुक्त) 02(अ.ज.जा. बैकलॉग)(मुक्त) 01 (अ.पि.व. बैकलॉग)(मुक्त) | 25300/– | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम 50% अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड./डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण |
| | **योग** | | **कुल 07 पद** | – | – |

## 05.स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गुरूर (वि.ख.–गुरूर) :–

| क्रं. | पद का नाम | विषय | रिक्त पद संख्या (म./पु./मुक्त) | मानदेय | न्युनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) | 01(अना.) (मुक्त) | 38100/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी. एड. (एकाउन्टेन्सी सहित वाणिज्य/कॉस्ट एकाउंटिंग /फाइनेन्सियल एकाउन्टेन्सी मुख्य विषय के रूप में रहा हो।) |
| 2 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 01(अना. बैकलॉग) (मुक्त) | 35400/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित विषय में स्नातक उपाधि एवं बी.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो ) |
| | | सामाजिक अध्ययन (कला) (अंग्रेजी माध्यम) | 01(अना. बैकलॉग) (मुक्त) | 35400/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित विषय इतिहास,भूगोल,अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय में स्नातक उपाधि एवं बी.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण |
| | **योग** | | **कुल 03 पद** | – | – |

**आवेदन हेतु शर्तें :–**

1. अभ्यर्थियों को छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. आवेदकों के द्वारा शैक्षिक संवर्ग पद हेतु {हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10वीं बोर्ड) से न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तक अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन अनिवार्य} किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से अध्ययन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

3. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2022 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2022 की स्थिति मे की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10 वीं कक्षा की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी वर्ग की महिलाओ एवं आरक्षित वर्ग के पुरूषों के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष रहेगी।
4. उपरोक्त सभी पदों हेतु रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाने/घटाने/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति जिला बालोद को होगा तथा किसी भी प्रकार से विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति जिला बालोद का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
5. आरक्षण नियम संविदा भर्ती नियम 2012 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार होगा।
6. अनुसूचित जाति/अनु.जन.जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ दिया जाना संभव नहीं होगा एवं आवश्यक होने पर उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति बालोद प्रमाण पत्र की वैधता की जांच करा सकता है।
7. अनुसूचित जाति/अनु.जन.जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों, महिला उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में शिथिलता हेतु छ.ग.शासन के नियमों एवं शर्तो के अनुसार होगी।
8. किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर वह नियमितिकरण के लिए किसी भी प्रकार का दावा नही करेगा।
9. संविदा के पद पूर्णतः अस्थायी होंगे। यह किसी भी प्रकार की नियमित नियुक्ति नहीं है।
10. शैक्षणिक योग्यता के समर्थन में महाविद्यालय/विश्वविद्यालय की अंतिम वर्ष की अंकसूची संलग्न किया जाना है।
11. विवाह उपरांत उपनाम में परिवर्तन होने की स्थिति में शपथ पत्र अथवा विवाह प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. प्रतीक्षा सूची अनुमोदन तिथि से 1 वर्ष तक वैध रहेगा।
13. आवेदक एक ही आवेदन से अन्य संस्थाओं के रिक्त पदों पर आवेदन कर सकेगा। इस संबंध में प्राथमिकता क्रम में विद्यालयों के नाम का उल्लेख आवश्यक होगा चयन उपरांत प्राथमिकता क्रम में उल्लेखित संस्थाओं में रिक्त पदों पर पदांकन किया जा सकेगा।
14. आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के वेबसाइट **http://balod.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है तथा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद तथा संबंधित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।
15. चयन उपरांत चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को जिले के किसी भी स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में रिक्त पदों पर पदांकन किया जा सकेगा। इस संबंध में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
16. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

**विशेषः— अद्यतन जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट http://balod.gov.in का नियमित अवलोकन करते रहें।**

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव,**
**उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति**
**जिला—बालोद (छ.ग.)**